**एजुकेशन** • ऑनलाइन परीक्षा शुरू होने के एक घंटे बाद कॉलेज गूगल फॉर्म का लिंक करेगा जारी

# कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी ने कॉलेज में चल रही ऑड सेमेस्टर ऑनलाइन परीक्षाओं को लेकर गाइडलाइन की जारी

भास्कर न्यूज़ | करनाल

जिले के कॉलेजों में ऑनलाइन ऑड सेमेस्टर की परीक्षा का दौर चल रहा है। ऐसे में कुछ कॉलेजों की ओर से विद्यार्थियों की उत्तरपुस्तिका जमा कराने के लिए अधिक समय तक गूगल फॉर्म का लिंक खोला जा रहा था। इसके लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने कॉलेजों को ऑनलाइन परीक्षाओं संबंधित गाइडलाइन जारी की है। गाइडलाइन में विश्वविद्यालय की ओर से कॉलेजों को कहा गया है कि सवा तीन घंटे की परीक्षा शुरू होने के एक घंटे बाद विद्यार्थियों की उत्तरपुस्तिका लेने के लिए गूगल फॉर्म खोला जाए। परीक्षा का समय होने के बाद तुरंत गूगल फॉर्म को बंद कर दे, ताकि निर्धारित समय सीमा से आगे कोई उत्तरपुस्तिका जमा न की जाए। यदि उम्मीदवार निर्धारित समय अवधि के भीतर गूगल फॉर्म के माध्यम से उत्तरपुस्तिका जमा कराने में विफल रहता है, तो संबंधित ड्यूटी कॉलेज के टीचर को परीक्षा समय अवधि के दौरान हॉर्ड कॉपी जमा करा सकता है।

## पेपर करते समय विद्यार्थी इन बातों का रखें विशेष ध्यान

- विद्यार्थी को वाट्सएप ग्रुप में सही प्रश्न पत्र मिला है यहां नहीं।
- पेपर शुरू करने से विद्यार्थी अपनी पूरी जानकारी सही तरह भरें।
- यूनिवर्सिटी रोल नंबर, पेज नंबर, प्रश्न पत्र कोड लिखें व हस्ताक्षर हर पेज पर करें।
- 75 प्रतिशत पेपर विद्यार्थी को करना है।
- एडमिट कार्ड पर फोटो व हस्ताक्षर होना जरूरी हैं। एडमिट कार्ड को उत्तरपुस्तिका अटैच जरुर करें।

**ऑनलाइन परीक्षा में ये आ रही विद्यार्थियों की समस्याएं** : विद्यार्थी गूगल फॉर्म के इधर-उधर से आने वाले लिंक से उत्तर पुस्तिका अपलोड कर रहे हैं। इसकी वजह से विद्यार्थी की उत्तरपुस्तिका दूसरे कॉलेज में जमा हो रही हैं। विद्यार्थी इस बात का विशेष ध्यान रखें कि उसी गूगल फॉर्म लिंक पर उत्तरपुत्तिका अपलोड करें, जहां विद्यार्थी वाट्सएप से ग्रुप से रजिस्टर हैं। अपने कॉलेज के वाट्सएप ग्रुप से दिए गए लिंक पर ही अपनी उत्तरपुस्तिका अपलोड करें। विद्यार्थी की उत्तरपुस्तिका सही लिंक पर अपलोड होनी चाहिए। इसके लिए विद्यार्थी अपनी उत्तरपुस्तिका को अपलोड करने के बाद एक बार जरुर देख लें।

*कॉलेजों में ऑड सेमेस्टर की ऑनलाइन परीक्षाओं को लेकर विद्यार्थी समय अवधि अनुसार अपनी उत्तरपुस्तिका को अपलोड करें। विद्यार्थी ऑनलाइन परीक्षा में कॉलेज के रजिस्टर वाट्सएप ग्रुप में दिए गए निर्देश जरुर फॉलो करें।*
**-प्रो. संजय शर्मा,** प्रिंसिपल, दयाल सिंह कॉलेज, करनाल।

KUK NEWS